रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25062020-220166
CG-DL-E-25062020-220166

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 234] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 25, 2020/आषाढ़ 4, 1942
No. 234] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 25, 2020/ASHADHA 4, 1942

MoLCode

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(उपभोक्ता मामले विभाग)

(भारतीय मानक ब्यूरो)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 जून, 2020

फा. सं. बीएस/11/08/2020.—भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय मानक ब्यूरो (प्रशासन, वित्त और अन्य पदों पर भर्ती) विनियम, 2007 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, भारतीय मानक ब्यूरो, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ – (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय मानक ब्यूरो (प्रशासन, वित्त और अन्य पदों पर भर्ती) विनियम, 2020 है।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं – (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो-

(क) "अधिनियम" से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) अभिप्रेत है;

(ख) "प्रशासन, वित्त और अन्य पदों" से इन विनियमों में संलग्न अनुसूची में समाविष्ट पद अभिप्रेत है;

(ग) "नियुक्ति प्राधिकारी" से समूह 'क' कर्मचारियों के संबंध में महानिदेशक और समूह 'ख' और समूह 'ग' के कर्मचारियों के संबंध में उपमहानिदेशक (प्रशासन) अभिप्रेत है;

(घ) "नियम" से भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 2018 अभिप्रेत है;

(ङ) "अनुसूची" से इन विनियमों में संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(च) "अनुसूचित जातियों" और "अनुसूचित जनजातियों" के वही अर्थ होंगे, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 के क्रमशः खंड (24) और खंड (25) में उनके हैं;

(छ) "छानबीन समिति" (Screening Committee) से विनियम 5 के उप-विनियम (1) के खंड (iv) उपखंड (क) के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(ज) "चयन समिति" से विनियम 9 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(झ) उन शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं किए गए हैं, और अधिनियम या नियमों में परिभाषित हैं; वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम और नियमों में क्रमशः उनके हैं।

3. लागू होना – ये विनियम अनुसूची के स्तंभ (2) में उल्लिखित पदों पर लागू होंगे:

परन्तु तत्कालीन भारतीय मानक संस्था में इन पदों पर पदाधिकारियों द्वारा दी गई नियमित सेवाएं इन विनियमों के प्रयोजन के लिए गिनी जाए।

4. भर्ती की पद्धति – पदों की संख्या, वेतन मैट्रिक्स में स्तर, उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएँ और उस से संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (10) में विनिर्दिष्ट हैं:

परन्तु प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, पदावधि और प्रतिनियुक्ति भत्ता केन्द्रीय सरकार के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होंगे।

5. सीधी भर्ती – (1) जहां अनुसूची के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट किसी भी पद को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना अपेक्षित है, वहां निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) रिक्तियाँ, रिक्तियों के संबंध में पूरी जानकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों तथा भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षण, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएँ, विहित अर्हताएँ, आयु सीमा और अनुभव, आदि की एम्पलॉयमेंट न्यूज, रोजगार समाचार, प्रमुख समाचार पत्रों और ब्यूरो के वेबसाइट पर विज्ञापित की जाएगी;

(ii) विहित अर्हताएँ, अनुभव और आयु सीमा वाले अभ्यर्थी पद के लिए पात्र होंगे:

परन्तु ब्यूरो के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की दशा में और ऐसे प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत जो केंद्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त समय समय पर अधिसूचित विस्तार तक और प्रत्येक श्रेणी की बाबत अधिसूचित विस्तार तक ऊपरी सीमा में शिथिल की जा सकती है:

परन्तु यह और कि ऐसे पद जिनके लिए विहित आयु सीमा पचास वर्ष से कम है, विभागीय अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा मे शिथिल करके पचास वर्ष की आयु सीमा तक की जा सकती है और ऐसे पद जिनके लिए विहित आयु सीमा पचास वर्ष या अधिक है पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है;

(iii) सीधी भर्ती के सभी पद निम्नानुसार प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से भरा जाएगाः-

(क) लिखित या ऑनलाइन परीक्षा, जिसके अंतर्गत अनुलिपि, टंकण और अन्य व्यावहारिक परीक्षा भी है, महानिदेशक द्वारा विनिश्चित की जाने वाली तारीखों और स्थानों पर ब्यूरो द्वारा विभागीय रूप से या किसी व्यावसायिक संस्था अथवा एजेंसी के माध्यम से संचालित की जाएगी:

(ख) समूह 'क' पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में पचासी प्रतिशत और साक्षात्कार के लिए पंद्रह प्रतिशत को महत्त्व दिया जाएगा और साक्षात्कार के किए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में से ऐसे अभ्यर्थियों जिन्होंने लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में कम से कम पचास प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिया है, योग्यता क्रम से विज्ञापित रिक्तियों की संख्या से चार गुणा से अधिक नहीं होगीः

परन्तु समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों के लिए बिना किसी साक्षात्कार के चयन किया जाएगा; और

(ग) समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में अभिप्राप्त अंकों द्वारा यथा अवधारित योग्यता और विहित अर्हक कौशल परीक्षण अर्थात् आशुलिपि परीक्षण या टंकण गति परीक्षण या व्यावसायिक परीक्षण अथवा उसके ऐसे सम्मिश्रण जिसका केवल अर्हक परीक्षण किया जाएगा, के आधार पर किया जाएगा और कौशल परीक्षण के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, जिन्होंने लिखित या ऑनलाइन परीक्षण में कम से कम पचास प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिए हैं, योग्यता क्रम से विज्ञापित रिक्तियों की संख्या से चार गुना से अधिक नहीं होगी;

(iv) (क) सीधी भर्ती [उप विनियम (iii) में दी गई पद्धति से भिन्न] या प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाने वाले पदों की दशा में प्राप्त आवेदनों पर छानबीन समिति द्वारा छानबीन की जाएगी जिसमें ब्यूरो के तीन ऐसे अन्यून अधिकारी होंगे जो उपनिदेशक की पंक्ति से नीचे के न हों और इनमें से वरिष्ठतम समिति का अध्यक्ष होगा जिसे महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगाः

परन्तु छानबीन में उस पद की पंक्ति से ऊपर का एक ऐसा अधिकारी होगा जिस पद के लिए चयन किया जा रहा हो;

(ख) छानबीन समिति द्वारा संक्षिप्त सूचीबद्ध के रूप में अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा;

(v) जहाँ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों को विनियम (iii) में अधिकथित मानदंड के आधार पर नहीं भरा जाता है वहाँ ऐसे प्रवर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों को संबद्ध पद पर चयन करने के लिए ऐसे अभ्यर्थियों की उपयुक्तता निर्धारण करने के अधीन रहते हुए उस आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए सरकार के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार शिथिलीकरण देते हुए चयनित किया जा सकेगा;

(vi) रिक्तियों को भरने के लिए योग्यता क्रम में सफल अभ्यर्थियों की चयन सूची के अतिरिक्त एक प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी जो ऐसी सूची बनाई जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगीः

परन्तु प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित पदों की संख्या के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(2) उप विनियम (1) के अधीन सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी भारतीय मानक ब्यूरो (कर्मचारियों की सेवा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2020 के उपबंधों के अनुसार दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे, ऐसी अवधि के दौरान उन्हें ऐसा प्रशिक्षण लेना आवश्यक होगा या उन्हें ऐसे दायित्व दिए जा सकते हैं, जिन्हें नियुक्त प्राधिकारी आवश्यक समझे अथवा परिवीक्षा की अवधि को सफलतापूर्वक पूरी करने के लिए विभागीय परीक्षा या परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगीः

परन्तु प्रशिक्षण का मापदंड, दिए जाने वाले दायित्व, और परिवीक्षा की अवधि को सफलतापूर्वक पूरी करने के लिए उत्तीर्ण की जाने वाली विभागीय परीक्षा वही होगी जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय समय पर सिफारिश की गई हो और जिसे महानिदेशक द्वारा अनुमोदित की गई होः

परन्तु यह और कि जहाँ महानिदेशक नियुक्ति प्राधिकारी हो, वहाँ कार्यकारी समिति का अनुमोदन अभिप्राप्त करना होगा।

6. प्रतिनियुक्ति - जहाँ अनुसूची के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट किसी पद को प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जाना है वहाँ ऐसे पदों को भरने के लिए पदों की संख्या, विहित अर्हताएँ, आयु-सीमा, विशेष विशेषज्ञ, यदि कोई अपेक्षित हो, और ऐसे अनुभव जो अनुसूची में विनिर्दिष्ट तथा अन्य विषय जो आवश्यक हो, के बारे में पूरी जानकारी देते हुए कम से कम दो प्रमुख समाचार पत्रों में और ब्यूरो के वेबसाइट पर भी विज्ञापित की जाएगीः

परन्तु प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगीः

परन्तु यह और कि ऐसी प्रतिनियुक्ति साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी और प्रतिनियुक्ति की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष की होगीः

(2) ऐसे अभ्यर्थियों को, जो विनिर्दिष्ट अपेक्षाएँ पूरी करते हैं और विनियम 5 के उपविनियम (1) के खंड (iv) के उपखंड (क) के अधीन गठित छानबीन समिति द्वारा संक्षिप्त सूचीबद्ध है चयन के लिए बुलाया जाएगा।

7 (1) प्रोन्नति - प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए :-

(i) कोई पद चयन अथवा अचयन पद होगा जो इन विनियमों से संलग्न अनुसूची के स्तंभ (5) में दिया गया है;

(ii) किसी चयन पद पर प्रोन्नति ज्येष्ठता पर सम्यक ध्यान रखते हुए की जाएगी और कार्यकारी समिति द्वारा समय समय पर अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार समुचित चयन समिति सेवा अभिलेख जिसके अंतर्गत वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट भी है और उस पद के लिए सिफारिश जिसमें उनकी प्रोन्नति की जा सकेगी को ध्यान में रखते हुए प्रोन्नति के लिए विचार क्षेत्र के भीतर आने वाले कर्मचारियों की उपयुक्ता का निर्धारण किया जाएगा।

(iii) अचयन पद पर प्रोन्नति अनुपयुक्ता के अस्वीकार किए जाने के अधीन रहते हुए ज्येष्ठता के आधार पर किया जाएगा जो समुचित चयन समिति द्वारा सेवा अभिलेख जिसके अंतर्गत वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट भी है से अवधारित की जाएगी;

(2) इन विनियमों के अधीन संबद्ध कर्मचारी संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयत रिपोर्ट के अधीन वित्तीय उन्नयन के अनुदान के लिए हकदार होंगे जो केंद्रीय सरकार द्वारा समय समय पर अधिकथित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए अनुज्ञेय हो।

8. नियुक्ति प्राधिकारी– (1) सभी पदों पर नियुक्ति विनियम 9 में दी गई चयन समिति की सिफारिशों पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी :

परन्तु उपमहानिदेशक के स्तर के सभी पदों पर नियुक्ति केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से की जाएगी:

परन्तु यह और कि प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर नियुक्ति, जिस के लिए केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता होगी, को चयन समिति को नहीं भेजा जाएगा।

9. चयन समिति की रचना– (1) पे मैट्रिक्स में लेवल 13 में वेतन वाले समूह 'क' और उससे ऊपर के पदों के लिए चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :-

(i) महानिदेशक, समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले मंत्रालय का वित्तीय सलाहकार;

(iii) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय अथवा विभाग का प्रतिनिधि;

(iv) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट कार्यकारी समिति के दो सदस्य; और

(v) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो के एक या दो वरिष्ठ अधिकारी।

(2) पे मैट्रिक्स में लेवल 10 से लेवल 12 तक के वेतन वाले समूह 'क' पदों के लिए चयन समिति 'क' में निम्नलिखित सदस्य होंगे :-

(i) महानिदेशक, समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) उपमहानिदेशक (प्रशासन);

(iii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो का वैज्ञानिक जी या वैज्ञानिक एफ;

(iv) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय अथवा विभाग का प्रतिनिधि; और

(v) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो के एक या दो वरिष्ठ अधिकारी ।

(3) समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के लिए चयन समिति 'ख और ग' में निम्नलिखित सदस्य होंगे:-

(i) उपमहानिदेशक (प्रशासन), समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो में कार्मिक कार्य देखने वाला एक अधिकारी;

(iii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट दो अन्य अधिकारी; और

(iv) ब्यूरो के कार्मिक कार्य देखने वाले सहायक निदेशक अथवा उप निदेशक।

(4) इन विनियमों के अधीन संशोधित सुनिश्चित प्रोन्नयन स्कीम तथा अकृत्यिक श्रेणी के अधीन उन्नयन प्रदान करने के लिए मामलों पर विचार करने और सिफारिश करने के लिए छानबीन समिति की संरचना वही होगी जैसा कि संबंधित चयन समिति में दी गई है;

(5) संबंधित चयन समितियों की सिफारिशों को महानिदेशक के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएगीः

परन्तु उपरोक्त उप-विनियम (2) और (3) में दी गई चयन समिति में दो सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक समुदाय या महिला सदस्य होंगे जिनमें से एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से होगा।

10. पदों की श्रेणी और उनकी प्राधिकृत संख्या -पदों की श्रेणी और उनकी प्राधिकृत संख्या वही होगी जो, समय-समय पर, कार्यकारिणी समिति द्वारा केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से अवधारित की गई हो।

11. शिथिल करने की शक्ति– जहाँ ब्यूरो की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों के संबंध में इन विनियमों के उपबंधों के किसी भी प्रावधान को शिथिल किया जा सकता है:

परन्तु इसको कार्यान्वित किए जाने से पूर्व ऐसी शिथिलकरण के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुमोदन लिया जाएगा।

12. व्यावृत्ति - इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग जनों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

13. निर्वचन – इन विनियमों के क्रियान्वयन के संबंध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से कार्यकारी समिति द्वारा विनिश्चय किया जाएगा।

IndiaCode

अनुसूची (प्रशासन, वित्त और अन्य पद संवर्ग)

(विनियम 3, 4, 5, 6 और 7 देखें)

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	पे मैट्रिक्स में लेवल	चयन या अ-चयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अधिकतम आयु सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएँ	भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित और शैक्षिणिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	प्रोन्नति या स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण/आमेलन द्वारा नियुक्ति की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण /आमेलन किया जाना है।
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
समूह 'क' पद									
1.	उपमहा-निदेशक (प्रशासन)	1	लेवल-13क (रु. 131100-216600)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि का स्नाकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन, सामान्य प्रशासन में कम से कम पंद्रह वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	**प्रोन्नति**:- ऐसे सचिव/निदेशक (मानव संसाधन विकास)/ निदेशक (प्रशासन) /निदेशक (सामान्य सेवाएं)/ निदेशक (स्थापना)/ निदेशक(प्रशिक्षण)/निदेशक (विधि) जिन्होंने चयन ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा की है: परन्तु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी जिन्होंने राजपत्र में इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को चयन ग्रेड में दो वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्र. सं. (i) पर विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं भी उप महानिदेशक (प्रशासन) के पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे। **प्रतिनियुक्ति** :- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिकस के लेवल-13 (रु. 123100-215900) में दो वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं हैं।
2.	उपमहा-निदेशक (वित्त)	1	लेवल-13क (रु. 131100-	चयन पद	50 वर्ष	(i) चार्टर्ड अकाउन्टेंट या कॉस्ट एवं वर्क्स अकाउन्टेंट या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर	लागू नहीं होता	**प्रोन्नति** :- ऐसे निदेशक (वित्त) या निदेशक (लेखा) जिन्होंने चयन ग्रेड

			216600)			अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से वित्त में विशेषज्ञता के साथ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन; और (ii) वित्त प्रबंधन में कम से कम पंद्रह वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा		में दो वर्ष नियमित सेवा की है: परन्तु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी जिन्होंने राजपत्र में इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को चयन ग्रेड में दो वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्र. सं. (i) पर की विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं भी उप महानिदेशक (वित्त) के पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे। **प्रतिनियुक्ति** :- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; या ऐसे पदधारी जो पे मैट्रिक्स के लेवल - 13 (रु. 123100-215900) में दो वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) में क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं।
3.	निदेशक (चयन ग्रेड)	4*	लेवल-13 (रु. 123100-215900)	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा	लागू नहीं होता	ऐसे सचिव/निदेशक (प्रशासन)/निदेशक (मानव संसाधन विकास) /निदेशक (सामान्य सेवाएं) /निदेशक (सतर्कता)/ निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन)/ /निदेशक(स्थापना)/ निदेशक(प्रशिक्षण)/ निदेशक (लेखा)/ निदेशक (वित्त) /निदेशक (विधि) जिन्होंने इन पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है: परंतु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी भी पात्र होंगे जिन्होंने इन पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है।
*चयन ग्रेड के पद अकृत्यिक होंगे।									
4.	मुख्य सतर्कता अधिकारी	1	लेवल-13 (रु. 123100-215900)	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति द्वारा	लागू नहीं होता	केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं या ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के लेवल 12 (रू 78800-209200) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है। वांछनीय योग्यता: सतर्कता मामलों में अनुभव।
5.	सचिव	1	लेवल 12 (रु. 78800-	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर	आयु : नहीं	**प्रोन्नति** : ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन और वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में

IndiaCode

			209200))			परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन अथवा श्रम और समाज कल्याण में स्नातकोत्तर डिग्री ; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन अथवा श्रम और समाज कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय या पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं. (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	पे मैट्रिक्स के लेवल-11 (रु. 67700-208700) में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) पर सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएँ हैं। **प्रतिनियुक्ति**: (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए है ; या ऐसे अधिकारी जिन्होने पे मैट्रिक्स के लेवल - 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएँ हैं।
6.	निदेशक (वित्त)	1	लेवल 12 (रु.78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (ii) चार्टर्ड अकाउन्टेंट अथवा कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट अथवा सर्बोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ); और (iii) लेखा अथवा वित्त कार्य में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु: नहीं शैक्षणिक अर्हता: स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) और (ii) में उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति : ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों के पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (ii) चार्टर्ड अकाउन्टेंट /कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट / सर्बोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट / किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ) की अर्हताएँ है। **प्रतिनियुक्ति** :- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) व (ii) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
7.	निदेशक (प्रशासन)	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200))	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल

						विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय, सामान्य सेवाओं में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो जिसके साथ कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय इत्यादि से संबंधित नियमों की पूरी जानकारी हो; स्टाफ कल्याण गतिविधियों और भवन रख-रखाव का अनुभव हो।		उपदर्शित विस्तार तक	भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
8.	निदेशक (विधि)	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री/एल.एल.बी. और (ii) विधि के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/सांविधिक/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/ प्रतिष्ठित सरकारी उपक्रम में वरिष्ठ पद पर हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नतिः ऐसे उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों के पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में बैचलर डिग्री या एल.एल.बी. है। प्रतिनियुक्तिः (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 10 (रु. 56100-177500) में दस वर्ष नियमित सेवा की है; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल-11 और लेवल 10 में दस वर्ष सम्मिलित नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।

IndiaCode

9.	निदेशक (मार्किटिंग एवं उपभोक्ता मामले) *	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) अथवा जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार/ सांविधिक/ स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसियों में मार्केटिंग /जनसंचार/सोशल वर्क के क्षेत्र में कम से कम दस वर्ष का अनुभव हो, जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव वरिष्ठ पद पर हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (मार्किटिंग और उपभोक्ता मामले/प्रकाशन) जिन्होंने इन विनियमों के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) अथवा जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा है। प्रतिनियुक्तिः (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए है; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है। ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
***निदेशक (जन संपर्क) का पद वर्तमान पदधारी हेतु व्यैक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (जन संपर्क) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/आदि पर सेवा की समाप्त होने पर निदेशक (मार्किटिंग और उपभोक्ता मामले) के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।**									
10.	निदेशक (सामान्य सेवाएँ)*	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय, सामान्य सेवाओं में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो जिसके साथ कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय इत्यादि से संबंधित नियमों की पूरी जानकारी हो; स्टाफ कल्याण गतिविधियों और भवन रख-रखाव का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्तिः**- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु.

IndiaCode

									67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
***निदेशक (सूचना सेवा) का पद वर्तमान पदधारी हेतु व्यैक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (सूचना सेवा) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/आदि पर सेवा की समाप्त होने पर निदेशक (सामान्य सेवाएँ) के रूप में पुनःपदाभिहित किया जाएगा।**									
11.	निदेशक (प्रशिक्षण)*	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
***निदेशक (मुद्रण) का पद वर्तमान पदधारी हेतु व्यैक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (मुद्रण) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/आदि पर सेवा के समाप्त होने पर निदेशक (प्रशिक्षण) के रूप में पुनःपदाभिहित किया जाएगा।**									
12.	निदेशक (मानव संसाधन विकास)*	1*	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ

						किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।			बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
***निदेशक (बिक्री) का पद वर्तमान पदधारी हेतु व्यैक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (बिक्री) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/आदि पर सेवा के समाप्त होने पर निदेशक (मानव संसाधन विकास) के रूप में पुनःपदाभिहित किया जाएगा।**									
13.	निदेशक (स्थापना)	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्याल/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे

IndiaCode

									मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
14.	निदेशक (लेखा)	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री ; (ii) चार्टर्ड अकाउन्टेंट अथवा कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट अथवा सर्बोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ); और (iii) लेखा कार्य में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु: नहीं शैक्षणिक अर्हता: स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) और (ii) में उपदर्शित सीमा तक	प्रोन्नति : ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों के पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से चार्टर्ड आकाउन्टेंट /कॉस्ट अकाउन्टेंट / सर्बोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ) की अर्हताएँ है। **प्रतिनियुक्ति** :- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) व (ii) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
15.	निदेशक (सतर्कता)•	1	लेवल 12 (रु. 78800-209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन/ सतर्कता के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	प्रोन्नति: ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन

IndiaCode

						उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में पांच वर्ष का अनुभव हो।			अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
***निदेशक (विदेशी भाषा) का पद वर्तमान पदधारी हेतु व्यैक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (विदेशी भाषा) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/आदि पर सेवा के समाप्त होने पर निदेशक (सतर्कता) के रूप में पुनःपदाभिहित किया जाएगा।**									
16.	उप निदेशक (हिंदी)	2	लेवल 11 (रु. 67700-208700)	चयन पद	40 वर्ष	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमें अंग्रेजी/हिंदी माध्यम रहा हो और डिग्री स्तर पर हिंदी/अंग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो; और (ii) हिंदी में शब्दावली कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव और/या तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का अधिमानत: अंग्रेजी से हिंदी या विपर्ययेन अनुवाद	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	**प्रोन्नति:** ऐसे सहायक निदेशक (हिंदी) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स के लेवल 10 (रु. 56100-177500) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है। **प्रतिनियुक्ति:** (क)(i) ऐसे अधिकारी जिन्होंने नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; (ii) ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल -10 (रु. 56100-177500) में पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्र.सं. (i) पर सीधी भर्ती हेतु विहित शैक्षिक अर्हताएं हैं।
17.	उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले/ प्रकाशन/ पुस्तकालय)	12	लेवल 11 (रु. 67700-208700)	चयन पद	40 वर्ष	**उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) के लिए:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) या जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार/ सांविधिक/स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/ प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में मार्केटिंग/जनसंचार /सोशल	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	**प्रोन्नति:** ऐसे सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले/ प्रकाशन/ पुस्तकालय) जिन्होंने इन विनियमों में पे मैट्रिक्स में लेवल 10 (रु. 56100-177500) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है। **प्रतिनियुक्ति:** (क) (i) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा; (ii) ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के लेवल 10 (रु.

						वर्क के क्षेत्र में पाँच वर्ष का अनुभव। **उप निदेशक (प्रकाशन) के लिए:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान अथवा कला में बैचलर डिग्री; (ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्था से मुद्रण प्रौद्योगिकी/प्रकाशन में डिप्लोमा; और (iii)तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रकाशनों के किसी सु-स्थापित प्रकाशन / मुद्रण गृह में जिम्मेदार हैसियत से कम से कम 5 वर्ष का अनुभव जिसमें से 5 वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार/ राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार/ सांविधिक/ स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/ प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में हो। **उपनिदेशक (पुस्कालय) के लिए:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्कालय विज्ञान अथवा पुस्कालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री (स्नातकोत्तर डिग्री); अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्कालय विज्ञान अथवा पुस्कालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केंद्रीय सरकार/ राज्य सरकार/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/ स्वायत्त निकाय/ किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय में कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव हो। **वांछनीय:**कंप्यूटर उपयोजन में डिप्लोमा।			56100-177500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास संबद्ध शाखा में स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ हैं।
